रक्षा उत्पाद कंपनियों की पहली पसंद बना अलीगढ़

डिफेंस कॉरिडोर : 19 कंपनियों के लिए 55.40 हेक्टेयर भूमि आवंटित, 1254.33 करोड़ निवेश कर कंपनियां शुरू करेंगी उत्पादन

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। घोषणा के बाद महज साढ़े तीन साल में डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरीडोर धरातल पर खड़ा हो गया है। कॉरिडोर के अलीगढ़ नोड में रक्षा उपकरणों लेकर ड्रोन, एयरोस्पेस उपकरण और सेना के लिए छोटे हथियार बनाने के कारखाने स्थापित होने जा रहे हैं। यह नोड प्रदेश के डिफेंस कॉरिडोर में निवेशकों की पहली पसंद बनकर सामने आया है। अब तक के कुल 22 निवेशकों में से 19 ने यहां प्लांट स्थापित करने जा रहे हैं। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में अलीगढ़ नोड का लोकार्पण करेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने 23 फरवरी, 2018 को इंवेस्टर्स समिट में यूपी में डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर स्थापित करने की घोषणा की थी। इसके तहत लखनऊ, झांसी, कानपुर, आगरा, चित्रकूट और अलीगढ़ नोड पांच हजार हेक्टेयर से अधिक भूमि पर स्थापित होना है। अब तक अलीगढ़, कानपुर, झांसी व चित्रकूट में 1428.74 हेक्टेयर भूमि उपलब्ध कराई गई है। लखनऊ में भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही जारी है। जबकि उप्र. एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने अब तक अलीगढ़, झांसी व कानपुर में 22 कंपनियों के लिए 74.40 हेक्टेयर भूमि आवंटित कर दी है। इसमें से 55.40 हेक्टेयर भूमि अलीगढ़ में 19 कंपनियों को आवंटित की गई है। ये कंपनियां 1254.33 करोड़ निवेश कर इकाइयां स्थापित करेंगी।

प्रदेश में कुल 22 कंपनियों को 74.40 हेक्टेयर भूमि आवंटित

1454.33 करोड़ रुपये का हो रहा निवेश

अलीगढ़ के लोधा में पीएम नरेन्द्र मोदी द्वारा राजा महेंद्र प्रताप सिंह राज्य विवि व डिफेंस कॉरिडोर शिलान्यास कार्यक्रम स्थल का मंच से जायजा लेते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। फोटो : अमर उजाला

लखनऊ में ब्रह्मोस बनेगा

लखनऊ नोड में डीआरडीओ व रूस की कंपनी एनपीओएम 300 करोड़ का निवेश कर ब्रह्मोस मिसाइल बनाएगी। आगामी तीन वर्षों में यहां से 100 मिसाइलें बनेंगी। यूपीडा के एक अधिकारी ने बताया कि सभी छह नोड में काम शुरू होने पर 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश आएगा और एक लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा।

झांसी नोड

डेल्टा कॉम्बैट सिस्टम्स लि. 150 करोड़ का निवेश कर असॉल्ट व स्नाइपर राइफल बनाएगी।

कानपुर नोड

कुंगरमौर प्रा.लि. 20 करोड़ का निवेश कर सेना के लिए कपड़े तैयारी करेगी। आधुनिक मटेरियल एंड साइंस प्रा.लि. 38.58 करोड़ का निवेश कर बुलेटप्रूफ जैकेट बनाएगी।

चित्रकूट व आगरा में जल्द भूमि अधिग्रहण

चित्रकूट व आगरा नोड में भी जल्द भूमि अधिग्रहण सहित अन्य कार्य शुरू किए जाएंगे। वहां के लिए भी निवेशकों को आमंत्रित किया जाएगा।

अलीगढ़ नोड

- एलेन एंड एलवन कंपनी 30.75 करोड़ का निवेश कर ड्रोन बनाएगी।
- नित्या क्रिएशन इंडिया कंपनी 12 करोड़ का निवेश कर रक्षा उपकरण बनाएगी।
- पीबीएम इंस्टालेशन प्रा.लि. 4 करोड़ का निवेश कर रक्षा उपकरण बनाएगी।
- जय साईं अनू ओवरसीज प्रा.लि. 100 करोड़ का निवेश कर रक्षा उपकरण बनाएगी।
- दीप एक्सो इक्युपमेंट प्रा.लि. 10.35 करोड़ का निवेश कर ग्रेनेड के मेटेलिक पार्ट बनाएगी।
- कोबरा इंडस्ट्री एक करोड़ का निवेश रक्षा उपकरणों की पैकिंग का सामान बनाएगी।
- श्रद्धा उद्योग 2.7 करोड़ का निवेश कर एरोस्पेस सेक्टर के पार्ट बनाएगी।
- मैसर्स प्रिसिशन प्रोडक्ट्स 2.7 करोड़ का निवेश कर रक्षा उपकरण बनाएगी।
- वेरीवीं डिफेंस प्रा.लि. 65 करोड़ का निवेश कर छोटे हथियार बनाएगी।
- एडवांस फायर एंड सेफ्टी 3 करोड़ का निवेश कर अग्नि शमन यंत्र बनाएगी।
- नवराज मेटल वर्क्स 20 करोड़ का निवेश कर टंगस्टन रोड बनाने का प्लांट लगाएगी।
- एंकर रिसर्च लैब्स प्रा.लि. 550 करोड़ का निवेश कर ड्रोन बनाने की कंपनी स्थापित करेगी।
- पी2. लॉजिस्टिक प्रा. लि. 90 करोड़ का निवेश कर ऑप्टिकल साइट्स का प्लांट लगाएंगी।
- सिंडिकेट इनोवेशन इंटरनेशनल लि. 150 करोड़ का निवेश कर छोटे हथियार बनाएगी।
- मिलकोर डिफेंस प्रा.लि. 98.25 करोड़ का निवेश कर सेना के हथियार बनाएगी।
- क्रिमसन एनर्जी एक्सपर्ट प्रा.लि. कंपनी 11 करोड़ का निवेश कर नेविगेशन डिवाइस का प्लांट लगाएगी।